# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

## जनपद ललितपुर में दिनांक–04.02.2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक–04.02.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं, जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की प्रगति एवं रोड रेस्टोरेशन के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

01. मुख्य विकास अधिकारी, ललितपुर।
02. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
03. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
04. अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग डिवीजन–प्रथम, ललितपुर
05. श्री अवनीश मिश्रा, सहायक अभियन्ता जल निगम (नगरीय), ललितपुर।
06. श्री अशवनी कुमार अवर अभियन्ता जल निगम (नगरीय), ललितपुर।
07. श्री राहुल सिंह, ऐ0ई0, SWSM ललितपुर।
08. श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
09. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, विनय कुमार साहू, टी0एल0/डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
10. श्री राहुल तनवर, प्रतिनिधि मेसर्स सुधाकरा ललितपुर।
11. श्री बी0एन0, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
12. श्री सुभाष विशनोई, प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा ललितपुर।
13. श्री संतोष, प्रतिनिधि, ब्रिज बानको ललितपुर।
14. श्री अनूप सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, सी0के0 इंटरप्राइजेज ललितपुर।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नगरीय एवं जल संस्थान ललितपुर को निर्देशित किया गया कि अपनी–अपनी योजनाओं में क्षतिग्रस्त की गयी सड़कों के रेस्टोरेशन की वस्तु स्थिति की प्रत्येक ग्रामवार जांच करके आख्या 1 सप्ताह के अन्तर्गत प्रस्तुत करें। मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर को निर्देशित किया गया कि ग्राम विकास अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों, जल निगम के सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता के साथ संयुक्त टीम बनाकर प्रत्येक ग्राम की जल निगम (ग्रामीण)/नगरीय/जल संस्थान की जांच कराकर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

अधोहस्ताक्षरी एवं अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि धौर्रा ग्राम समूह पेयजल योजना के मुडारी CWR को स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शन से ऊर्जाकृत नहीं किया गया है। वर्तमान में टेपिंग से ऊर्जाकृत है। जिसमें लो वोल्टेज होने के कारण कुल 2 ग्राम की जलापूर्ति बाधित रहती है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि मुडारी CWR को स्वतन्त्र ऊर्जाकृत शीघ्र करें।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 551 ग्रामों के सापेक्ष 536 ग्रामों का रोड रेस्टोरेशन पूर्ण कर लिया गया है, शेष 15 ग्रामों का रेस्टोरेशन का कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि शेष ग्रामों के रोड रेस्टोरेशन कार्य शीघ्र पूर्ण करें। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 551 के सापेक्ष 529 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण प्राप्त हो गया है, शेष 22 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत सचिव एवं प्रधानों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि जिन ग्रामों में यदि कोई कनेक्शन या पाइप लाइन शेष है तो उसे कार्यदायी संस्थाएं पर्याप्त संख्या में श्रमिक लगाकर पूर्ण करें। वर्तमान में कुल 551 ग्रामों के सापेक्ष कुल 527 ग्रामों में हर घर जल आपूर्ति की जा रही है, शेष 24 ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि अपनी-अपनी योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों का शत-प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।





(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

पत्रांक- कैम्प-01/M-19/बैठक ADM ललितपुर दिनांक 16-02-2026

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

01. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
02. जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर।
03. मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर।
04. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।
05. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मडण्ल, ललितपुर।
06. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
07. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), ललितपुर।
08. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
09. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
10. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
12. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
13. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी-जेडब्लूएल) ललितपुर।
14. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
15. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।
16. मेसर्स सी0के0 इंटरप्राइजेज ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।